**निवाई।** सरस्वती विद्या मंदिर में बसंत पंचमी महोत्सव, विद्यारम्भ संस्कार यज्ञ एवं सरस्वती पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष रामगोपाल सेवालिया व विद्यालय व्यवस्थापक योगेंद्र सिंहल के निर्देशन एवं प्रधानाचार्य गोविंदनारायण शर्मा के सानिध्य व शिशु वाटिका प्रमुख शिवराज पाराशर देखरेख में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद नव प्रवेशित बच्चों व अभिभावकों ने आचार्य पंडित मोहनलाल शास्त्री के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ कुंड में आहुतियां देकर यज्ञ कर्म एवं संस्कार यज्ञ संपन्न हुआ। इस दौरान नव प्रवेश के लिए आए नन्हे बालकों व अभिभावकों का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। शिक्षा संस्कार के बाद बालक बालिकाओं को बैग, पाठ्य पुस्तकें व अन्य पाठ्य सामग्री भेंट की गई। इस अवसर पर सूर्यप्रकाश खंडेलवाल, अवधेश राजवंशी, तुलसीराम चौधरी, सत्यप्रकाश शर्मा, शीला शर्मा, सीमा पारीक, ललिता वैष्णव, सुशीला पारेख, प्रेमलता पारीक, समता शर्मा, दीपिका पोमल, शिवानी गौतम, सरस्वती पाराशर, उगन्ता बैरवा, राजेंद्र शर्मा व सुनीता शर्मा सहित कई अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

### शिविरों 5 फरवरी से

**टोंक।** जिले में तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन बुधवार, 5 फरवरी से प्रारंभ होगा। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि कृषि एवं संबंधित विभागों के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्क्टचर (एग्रीस्टैक) उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तहसील टोंक की ग्राम पंचायत काबरा में, तहसील देवली की ग्राम पंचायत संथली में, तहसील दूनी की ग्राम पंचायत आंवा में, तहसील पीपलू की ग्राम पंचायत जौंला में, तहसील उनियारा की ग्राम पंचायत ढ़िकोलिया में, तहसील अलीगढ़ की ग्राम पंचायत पाटोली में, तहसील निवाई की ग्राम पंचायत झिलाय में, तहसील नगरफोर्ट की ग्राम पंचायत धुंवाकलां एवं रानीपुरा में तथा तहसील टोडारासिंह की ग्राम पंचायत कुहाड़ा बुजुर्ग एवं दाबड़दुंबा में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### सौंपा ज्ञापन

**मनोहरपुर।** कस्बे के जलदाय विभाग के सामने स्थित कब्रिस्तान में कई सालों से बंद पड़ी लाइटों को चालू करवाने को लेकर मुस्लिम समुदाय ने नगर पालिका को सोमवार को ज्ञापन सोपा। जिस पर तुरंत प्रभाव से पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रजापत व अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव ने कब्रिस्तान की बंद पड़ी लाइट को ठीक करवाने को लेकर पालिका कर्मचारी मुरारी लाल सैनी को मौके पर भेजा।

## शोभायात्रा 12 को

**अलवर।** श्री गंगा मन्दिर सेवा समिति अलवर के तत्वाधान में संत शिरोमणी गुरू रविदास जयन्ती समारोह शहर अलवर में दिनांक 12 फरवरी 2025 बुधवार को बड़ी धूम-धाम से मनाया जायेगा। शोभायात्रा 11 बजे गंगामन्दिर दिल्ली दरवाजा बाहर से प्रारम्भ होकर शहर के प्रमुख बाजारों से होती हूई वापस गंगा मन्दिर पहुँचेगी। शोभायात्रा को राजकुमार वर्मा कोषाधिकारी अलवर एवं लालचन्द वर्मा नायब तहसीलदार झण्डी दिखाई।

**आम सूचना** प्लाट नम्बर 7, मुरलीपुरा योजना जमनापुरी के पास, मुरलीपुरा, जयपुर का पट्टा लालाराम मीणा के नाम जारी था जिनका स्वयं का व पत्नी सोना देवी और पुत्रगण राम मीणा, महादेव मीणा, गोपीचन्द मीणा, मंगलराम मीणा, मूलचन्द मीणा का स्वर्गवास हो गया। इन पुत्रगणों के वारिसानों व लालाराम मीणा के अन्य वारिसानों के मध्य हक त्याग निष्पादित किया गया जिसके द्वारा हजारी मीणा व रमेश मीणा इस प्लाट के मालिक बन गये जिन्होंने इस प्लाट के मध्य का भाग मै. रॉयल कन्स्ट्रक्शन को विक्रय कर दिया। प्लाट के इस मध्य भाग पर बैंक ऑफ बड़ौदा ऋण प्रदत्त कर बंधक रख रहा है। यदि किसी व्यक्ति इत्यादि का इस प्लाट के मध्य भाग बाबत कोई हित व स्वत्व हो तो सात दिवस में सूचित करें। **प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा नाहरी का नाका, जयपुर फोन-8094000481**

**खोया पाया**

मेरे मकान नम्बर 86/114, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का ओरिजनल अलाटमेंट लेटर और कब्जा पत्र कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें-वीना-9413352001

**आम सूचना** दिनांक 30.01.25

सर्वसाधारण को मेरे अभिभाष्य श्री राजमल महे पुत्र श्री लखाराम, निवासी- प्लॉट नं.- ए/ 260, मालवीय नगर, जयपुर की ओर से सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य द्वारा अपने पुत्र जगदीश पंजाबी को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करने हेतु दिनांक 02-02-2016 दैनिक नवज्योति समाचार पत्र में एक आम सूचना दी थी। चूंकि मेरे अभिभाष्य के पुत्र जगदीश पंजाबी ने अपने व्यवहार व आदतों में परिवर्तन कर लिया है एवं मेरे अभिभाष्य के कहने में है, इस कारण मेरा अभिभाष्य दिनांक 02-02-2016 को प्रकाशित करायी गयी आम सूचना को निरस्त करता है तथा मेरे अभिभाष्य के पुत्र जगदीश पंजाबी को वह समस्त अधिकार होंगे, जो कि एक जायन्दा सन्तान के होते हैं। सूचित रहें।

जयपुर (दीपक कुमार बबलानी ) एडवोकेट

Resi- Cum Off- : 3 / 373, Malviya Nagar, JAIPUR - 302017 Mobile : 9529143322, 9649722224

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**शुद्धि-पत्र**

**ई-टेण्डर नोटिस सं. एस एण्ड टी प्रोजेक्ट--जेपी-2024-25-2 दिनांक 27/01/ 2025**

**कार्य का नाम** - उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में लूनी -जाजीवाल , नावासिटी -फुलेरा , जयपुर मंडल में रेवाडी -बावल, बीकानेर मंडल में मनहेरू-रेवाडी सेक्शन में ऑटोमेटिक सिग्नलिग और रेवाडी यार्ड में इलेक्ट्रॉनिक इनटरलॉकिंग का इंडोर और आउटडोर कार्य करने का प्रावधान के लिए पी एम एस सर्विस की आर एफ पी। 1. **"टेण्डर क्लोजिंग की दिनांक को 19 .02.2025 की जगह 28.02.2025 बदल दिया गया है"।**

उप म.सिंग.एवं दूर सं.इंजी./परियोजना जयपुर

140-AR/25

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम अफान अली (Affaan Ali) से बदलकर अफान अली (Affan Ali) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम अफान अली (Affan Ali) पुत्र लियाकत अली के नाम से जाना पहचाना जावे। निवासी मकान नं. 127, रघुनाथपुरी, झोटवाडा, पंखा, जयपुर-302012 राजस्थान

मैंने अपना नाम सतीश कुमार से बदलकर सतीश कुमार गुर्जर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता-65, सूर्य नगर, बुद्धसिंह पुरा सांगानेर, जयपुर

मैं आर्मी नं.- 15718203L रैंक HAV. योगेश पालीवाल निवासी 172, अलकापुरी कॉलोनी, मुसखेडी, इंदौर, मध्यप्रदेश-452001 ने जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार अपने सर्विस रिकार्ड में अपने पुत्र का नाम जियान पालीवाल से बदलकर जयेश पालीवाल कर लिया है।

I have change my name from Nitin Vijayvergiy to Nitin Vijay S/o Gopal Krishan Vijayvergiy R/o 84/130, Madhyam Marg, Mansarovar, Jaipur (Raj.). In future I know and recognised by my new Name.

I Thokchom Ankit Singh Alias Th Ankith Singh S/o Thokchom Gopeshwar Singh R/o STC BSF, Jodhpur, Gate No. 8 Mandore Road, Jodhpur, Rajasthan-342001, have changed my name to Th Ankit Singh

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान)**

क्रमांक-667-77 दिनांक-03.02.2025

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला सवाई माधोपुर के थाना मानटाउन के प्रकरण संख्या 369/2002 व 410/2002 धारा 379 आईपीसी में जप्तशुदा मालों (लोहा) को माननीय न्यायालय के आदेशों की पालना में जिस स्थिति में है, दिनांक 19.02.2025 को प्रात 12.00 बजे गठित समिति द्वारा थाना मानटाउन के परिसर में नीलाम किया जावेगा। अतः इच्छुक खरीददार/बोलीदाता को जरिये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते है। नीलामी की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

**पुलिस अधीक्षक, जिला सवाई माधोपुर**

## संक्षिप्त

### बच्चों ने किया सूर्य नमस्कार

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के महात्मा गांधी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल श्रीमाधोपुर में 894 बच्चों ने स्टाफ के साथ सूर्य नमस्कार किया! को-ऑर्डिनेटर अक्षय सैनी ने बताया कि सूर्य सप्तमी के उपलक्ष में विद्यालय में 894 बच्चों सहित स्टाफ सदस्यों में भी सूर्य नमस्कार किया इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मोहर सिंह खर्रा ने बच्चों को नियमित व्यायाम से जुड़ने का आ ान किया व व्यायाम से शरीर में होने वाले सकारात्मक प्रभाव व लाभों के बारे में बताया वहीं स्कूल के प्राचार्य अरुण शंकर चटर्जी ने भी बच्चों के साथ सूर्य नमस्कार किया व बच्चों को नियमित व्यायाम के लिए प्रेरित किया, इस अवसर पर उप प्राचार्य आनद बबेरवाल, अमित माथुर, पवन सैनी, अंकित जांगिड़, शारिरिक शिक्षक रामसिंह जाट सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद!

### माँ सरस्वती प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

**श्रीमाधोपुर।** राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में सभी के सहयोग से पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो गया है। प्राचार्य सांवरमल जाट ने बताया कि बसंत पंचमी को राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में माँ सरस्वती की प्राण- प्रतिष्ठा सम्पन्न करवा दी गई है। माँ भारती के आशीर्वाद से महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा। इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. आर के बुनकर, डॉ.सुवा लाल , पूजा वर्मा, रितु शर्मा, लोकेश सैनी, वरिष्ठ सहायक श्रवण कुमार जाट, पंडित शैलेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### सूर्य नमस्कार किया

**अलवर।** सूर्य सप्तमी के पूर्व दिवस पर जिले के राजकीय व निजी विद्यालयों में बच्चों, शिक्षकों एवं आमजन ने सूर्य नमस्कार कर भारतीय पारंपरिक योग प्रणाली के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश गुप्ता ने बताया कि जिले के विद्यालयों में लगभग सवा चार लाख से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकगणों एवं आमजन द्वारा प्रात: 9 बजे एक साथ सूर्य नमस्कार किया गया। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार एक यौगिक प्रक्रिया है जिससे शारीरिक लाभ तो मिलते ही हैं, यह मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर करती है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

### सूर्य नमस्कार कार्यक्रम हुआ

**दूदू।** उपखंड के अधीन संचालित सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों में सोमवार को सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूदू में प्राचार्य रवि दायमा बालिका विद्यालय में प्राचार्य सविता सामरिया गागरडू मैं सरोज मीणा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गिदानी में हरिओम मोदी उच्च प्राथमिक विद्यालय चांद र मूल मे बी एल मीणा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान छात्र छात्राएं एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों के साथ शाला विकास समिति के सदस्य भी मौजूद रहे

### डंपर बरामद किया

**दूदू।** निकटवर्ती मोजमाबाद थाने की पुलिस ने फागी रोड पर पेट्रोल पंप के पास खड़े डंपर को चोरी कर ले जाने के दर्ज प्रकरण में कार्रवाई कर 24 घंटे के दौरान डंपर को बरामद कर लिया उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल ने बताया कि 31 जनवरी को रमेश जाट निवासी धमाणा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की पेट्रोल पंप के पास खड़ा डंपर चोरी हो गया पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आनंद शर्मा के निर्देशानुसार टीमों का गठन किया जाकर विभिन्न स्थानों पर खोजबीन की गई इस दौरान थाना प्रभारी उमराव सिंह की टीम द्वारा सवाई माधोपुर क्षेत्र से डंपर को बरामद कर लिया आरोपी भागने में सफल हो गए पुलिस ने आरोपीयों कितना शुरू कर दी है

### नवनियुक्त जिला रसद अधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

**कोटपूतली।** जिला कोटपूतली-बहरोड़ में सोमवार को नवनियुक्त जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर डीलर संघ जिलाध्यक्ष बाबूलाल रावत के नेतृत्व में रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा का साफा, माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस दौरान मुकेश कुमार, रामावतार सैनी, जगदीश सुरेला, अशोक जैन व दीपाक्षी शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पाइप लाइन डालने से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराएं : कलेक्टर



खैरथल कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक करते जिला कलेक्टर किशोर कुमार।

■ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई समीक्षा बैठक, विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे मौजूद

**खैरथल।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक में खैरथल नगर परिषद आयुक्त को रेन बसेरों का निरीक्षण, डेयरी बूथ आवंटन प्रगति समीक्षा की व शहर में सफाई अभियान चलाएं जाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत वर्तमान प्रगति की समीक्षा कर प्रगति को बढ़ाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की पाइपलाइन डालने में क्षितग्रस्त हुई सड़क कि गत बैठक के निर्देशानुसार इस सप्ताह 11 किलोमीटर मरम्मत की गई तथा शेष सड़क को भी रिपेयर करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को जागरुक कर रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के निर्देश दिए तथा एग्रीटेक फार्मर्स रजिस्ट्री शिविरों में किसानों को भी पीएम सूर्य घर योजना के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने एग्रीटेक फार्मर्स रजिस्ट्री शिवरो के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देकर इन शिवरों के माध्यम से दूसरे महत्वपूर्ण विभागों को जोड़कर किसानों को अन्य विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारी देकर ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने हेतु निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों एवं ई-फाइल का समयबद्ध डिस्पोजल करने के निर्देश दिये। जिला स्तरीय जनसुनवाई के प्रकरणों का समयबद्धता से निस्तारण करने तथा पिछली जिला स्तरीय जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों का निस्तारण आगामी जनसुनवाई (गुरुवार) से पूर्व करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने राइजिंग राजस्थान में हुए एमओयू की एक-एक कर उनकी प्रगति पर चर्चा करते हुए धरातल पर लाने के निर्देश दिए। रोजगार मेले के संबंध में अधिकारियों को कार्य आवंटित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने बिजली विभाग के लिए ट्रांसफार्मर की उपलब्धता, सड़क निर्माण कार्य, मौसमी बीमारी, संपर्क पोर्टल पर परिवादों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को रैन बसेरे का निरीक्षण सहित डेयरी बूथों के आवंटन प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने शहर को स्वच्छ रखने हेतु खैरथल नगर पालिका क्षेत्र में भी सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से प्रस्तावित जीएसएस की जानकारी लेकर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य प्रो. दीपकराज जैन को महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर अर्थशास्त्र व उर्दू विषय और स्नातकोत्तर स्तर पर हिंदी विषय स्वीकृत करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। एबीवीपी के जिला संयोजक अजय डोई ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर अर्थशास्त्र व उर्दू विषय और स्नातकोत्तर स्तर पर हिंदी विषय नही होने से विद्यार्थियों को टोंक व जयपुर सहित अन्य महाविद्यालयों में जाना पड़ता है जिससे विद्यार्थियों को काफी परेशानी होने के साथ-साथ समय एवं पैसों का नुकसान उठाना पड़ता है जबकि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को विभिन्न विषय चयन का अधिकार केंद्र सरकार ने दिया हुआ है फिर भी एक कॉलेज में ही सात विषय खोलकर कॉलेज संचालित किए जा रहे है।

# सूर्य नमस्कार प्रतिदिन करने का लेवे संकल्प : कुंभाराम चौधरी


सूर्य सप्तमी पर सूर्य नमस्कार करते हुए छात्र।

**निवाई।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में राज्य सरकार के आदेशानुसार सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, एसएमसी के सदस्यों, स्वयंसेवी संस्था के सदस्यों एवं संपूर्ण स्टाफ द्वारा सूर्य देव को नमन करते हुए विधिवत तरीके से सूर्य सप्तमी पर सामूहिक रूप से वल्र्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि सूर्य सप्तमी प्रभारी विकास गुर्जर एवं व्याख्याता विनोदकुमार शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ सूर्य नमस्कार के सभी 12 चरण करवाए गए एवं उपस्थित सभी विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों व अतिथियों, अभिभावकों सहित स्वयं सेवी संस्था के सदस्यों द्वारा सूर्य नमस्कार को प्रतिदिन करने का संकल्प लिया। जिससे समस्त शरीर में स्वस्थ मन का निवास हो सके। इसी प्रकार लुहारा राजकीय विद्यालय में सूर्य नमस्कार सहित योग आसन करवाए। योग प्रशिक्षक अशोक लांगडी व रूमाली गुर्जर ने योगाभ्यास करवाया। इस अवसार पर प्रद्युमन सालोदिया, दिव्या चौधरी, प्रभु नायक व मुकेश कुमार कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे। इसी प्रकार पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सूर्य सप्तमी पर प्रात: 9 बजे सूर्य नमस्कार का भव्य आयोजन किया गया। प्राचार्य देवेंद्रपाल सिंह ने बताया कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद व माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर के आदेशानुसार विद्यालय के लगभग 1 हजार 147 विद्यार्थियों, 42 शाला कार्मिक, 9 एसडीएमसी सदस्य, 26 अविभावकों एवं जनप्रतिनिधियों ने सूर्यासन में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा, शारीरिक शिक्षक रामकिशन गुर्जर, प्रभारी हजारीलाल बैरवा व सह प्रभारी मनोज जैन सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

इसी प्रकार एमडीएस स्कूल में सूर्य सप्तमी पर सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया गया। निदेशक ब्रजसुन्दर शर्मा व उप निदेशक यशवर्धन शांडिल्य ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य गंगाधर बैरवा, वरिष्ठ अध्यापक गणपत लाल, सांवरमल स्वामी, संतोष शर्मा, ज्योति पारीक, सुनीता शर्मा व गणेश नारायण चौधरी सहित सभी स्टाफ मौजूद थे।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 13 जोड़े बने हमसफर


11वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्याक्रम आयोजित हुआ।

■ सामुहिक सम्मेलन और कार्यक्रम समाज सहित अन्य लोगों को एकजुटता से रहने कि आदर्श पहल - देवायुष सिंह

**पावटा।** उपखंड पावटा के राम मैरिज गार्डन में महात्मा फुले ब्रिगेड़ संस्था एवं ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज रजि. के संयुक्त तत्वावधान में सैनी समाज का 11वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन पावटा के राम मैरिज गार्डन मे आयोजित किया गया। इस आयोजित कार्यक्रम में 13 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। वही कार्यक्रम के दौरान सभी 13 दुल्हे पावटा सब्जी मंडी से घोड़ीयो पर सवार होकर नगर में घूमते हुए विवाह स्थल पहुँचे। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ मोहनदास महाराज लीलकाधाम, मंगलदास महाराज टोरड़ा गुजरान की ओर से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिलबाग सिह व अध्यक्षता जयपुर ग्रामीण सांसद प्रतिनिधि देवायुष सिंह ने की। इस दौरान समाज के प्रबुद्ध जन एवं अन्य समाजों के अतिथियों ने पावटा में महात्मा फुले ब्रिगेड और आल इंडिया सैनी सेवा समाज के तत्वावधान में सैनी समाज आदर्श की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान कर सुखमय वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया गया।

इस मौके पर ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिह ने कहा कि सामाजिक स्तर पर इस तरह के सामुहिक सम्मेलन और कार्यक्रम समाज सहित अन्य लोगों को एकजुटता से रहने कि आदर्श पहल हैं। जो समाज को सकारात्मक संदेश देते हैं। वही ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिह ने कहा कि समिति द्वारा एक बहुत ही अच्छा कदम है फिजूलखर्ची रोकने का सराहनीय प्रयास है।

सम्मेलन की ही तरह सामूहिक विवाहों के आयोजन किए जाना समाज के लिए अच्छा कदम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जो धन, झूठे सामर्थ्य प्रदर्शन व्यय होता हे वह, नई दम्पत्ति के लिए उन्नित का सहारा हो सकता है। वही जयपुर ग्रामीण सांसद प्रतिनिधि देवायुष सिंह ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरूतियो को दूर करने का सबसे कारगर सामूहिक विवाह एवं बालिका शिक्षा है। सामूहिक विवाह के आयोजन से केवल स्वयं का धन ही नहीं बचता, देश की संपदा के साथ व्यर्थ श्रम ओर बहुत सारी परेशानियों से भी छुटकारा मिल जाता हे।

### देवयानी तीर्थ स्थल परिक्रमा मार्ग व मंदिरों की सुरक्षा की गुहार

■ श्रद्धालुओं के लिए बाधक बन रही ओवरलोड नमक की ट्रोलियां

**सांभरझील,** (निसं)। देवयानी विकास समिति की तरफ से विगत 3 वर्ष में अनेक दफा देवयानी तीर्थ स्थल परिक्रमा मार्ग से सांभर साल्ट की ओवरलोड नमक की ट्रोलियां को श्रद्धालुओं एवं राहगीरों की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए इस मार्ग पर इन्हें प्रतिबंधित किए जाने की अपेक्षा रखते हुए उपखंड अधिकारी से किया गया अनुरोध आज भी पूरा नहीं हो सका है। अब इसके लिए फिर से यहां के श्रीगिरिधर गोपाल जी मंदिर पुजारी सर्वेश शुक्ला, बड़ के बालाजी मंदिर पुजारी विकास शर्मा की मौजूदगी में उपखंड अधिकारी सुमन चौधरी को ज्ञापन प्रेषित कर पूर्व पत्रों का हवाला देते हुए फिर से खुद की व श्रद्धालुओं की पीड़ा को उजागर किया है। इन्होंने एसडीएम सुमन को लिखित में बताया कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिंदूओं के पवित्र देवयानी तीर्थ क्षेत्र को लेकर प्रशासन उतना गंभीर नही है जितना कि परिस्थितियों की मांग है।

देवयानी तीर्थ परिकमा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित करने के सम्बन्ध में, नमक का स्टोरेज हटाने व अन्य सुरक्षात्मक उपायों के सम्बन्ध में आज तक कोई प्रभावी प्रगति दिखाई नही दे रही है। संदर्भ अनुसार आपसे आग्रह है कि पर्यावरण की रक्षा, हिंदू धर्म के नागरिकों की धार्मिक भावनाओं, तीर्थ स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओ के जान-माल की सुरक्षा, प्राचीन मंदिरों भवन के संरक्षण एवं देवमूर्तियों के परिरक्षण हेतु स्पीकिंग ऑर्डर जारी कर, आदेश की पालना सम्बन्धित से कडाई से करवाई जाए, पालना न करने वालो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। पुजारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपायुक्त देवस्थान विभाग राजस्थान उदयपुर द्वारा एसडीएम को भेजा गया पत्र, सुधांशु पंत, मुख्य सचिव द्वारा प्रशासनिक सुधार एवं विभाग के मार्फत जारी परिपत्र की प्रति, राजस्थान हाई कोर्ट के एक महत्वपूर्ण निर्णय की प्रति भी सुलभ संदर्भ हेतु ज्ञापन के साथ अटैच करके दी गई है ताकि मामला प्रशासन के अच्छी तरह से संज्ञान में आ सके। यहां लोगों से पूछा गया तो राष्ट्रदूत को बताया कि भाई साहब अनेक दफा तो हमने खुद ने देखा है कि ट्रैक्टर ट्रॉली तेज गति से श्रद्धालुओं के नजदीक से होते हुए गुजर गई।

# धार्मिक स्थल के पास व गली-नुक्कड़ पर लगे गंदगी के ढ़ेर हटाने की मांग


मालपुरा शहर मे आदिनाथ मंदिर के पास लगा गंदगी का ढेर।

**मालपुरा।** सबका साथ सबका विकास का नारा देकर केन्द्र व राज्य मे सत्ता मे आई भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार व मालपुरा मे भाजपा का नगरपालिका बोर्ड काबिज होने के बावजूद शहर मे विकास कार्य होना तो दूर रोजाना शहर की सफाई व कचरा निस्तारण तक नही होने से कानून के मंदिर कस्बा पुलिस चौकी के सामने व अतिप्राचीन आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के पास मुख्य चौराहे पर लगे गंदगी के ढेर मालपुरा शहर के विकास की कर रहा है जमीनी हकीकत बया। पैंतीस वार्डो मे विभाजित पचास हजार की आबादी वाले मालपुरा शहर मे भारतीय जनता पार्टी का पालिका बोर्ड बने चार साल पूरे हो चुके।

भाजपा बोर्ड का महज एक वर्ष शेष रहा है। लेकिन विकास के नाम पर भाजपा बोर्ड व पार्षदो के पास गिनाने के नाम पर एक भी उपलब्धी नही है। तीन साल तक प्रदेश मे कांगेस की सरकार होने व द्वेषतापूर्ण मालपुरा पालिका को बजट नही मिलने का ढिंढोरा पीट भाजपा के पार्षद शहरवासियो को यह आश्वासन देते रहै कि प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनते ही शहर मे विकास की गंगा बहेगी। ऐतिहासिक विकास कार्य होगें।

मालपुरा शहर राजस्थान मे विकास का मॉडल बनेगा। लेकिन यह सभी दावे व आश्वासन आज तक हकीकत मे नही बदल सके। प्रदेश मे भाजपा की सरकार को काबिज हुये एक वर्ष पूर्ण हो चुका है। लेकिन पालिका को स्थाई ईओ तक नही मिल सका।

लम्बे समय से एसडीएम या तहसीलदार ईओ का अतिरिक्त कार्यभार देख रहै है। मार्च 2024 मे सफाई ठेका समाप्त हो जाने के बावजूद दस महीने बाद भी सफाई ठेका तक नही होने के साथ-साथ घर-घर कचरा संग्रह के लिये पालिका प्रशासन के पास करोडो रूपयो के ऑटोकीपर, जेसीबी, ट्रेक्टर कार्यालय परिसर मे धुल चाट रहै है। सबसे गंभीर बात तो यह है कि राजकोष से मोटी राशि खर्च कर विभाग द्वारा मालपुरा पालिका को ईओ ऑटोकीपर उपलब्ध करवाये गये थे। जो बीते दो साल मे एक बार भी कार्यालय से बाहर नही निकल पाये। बिना उपयोग के ही यह ई ऑटोकीपर कबाड मे तब्दील हो गये है।

बरसाती नाले आमजन के लिये गले की फांस बने हुये है। आमजन को सुगम कानून व्यवस्था मुहैया करवाने के लिये बनी कस्बा चौकी के सामने व आदिनाथ जैन मंदिर, तेरह पंथीयान जैन मंदिर एवं शिक्षा के मंदिर दो विद्यालयो के पास लगे गंदगी के ढेर शहर मे विकास के दांवो के साथ-साथ पालिका प्रशासन व पार्षदो की सजकता की व सच्चाई बयां कर रहै है। नगरपालिका ईओ का कार्यभार उपखण्ड अधिकारी के पास होने के बावजूद शहर मे सफाई व्यवस्था चरमराने तो हर गली-नुक्कड व धार्मिक स्थलो के पास यूं कहे की मुख्य बाजार मे जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर के बावजूद प्रशासन व पार्षद जानकर भी बना हुआ है अनजान।

### रोडवेज बस संचालन की मांग

**नारायणपुर।** कोटपुतली-बहरोड़ जिले के गठन को डेढ़ साल बीतने के बावजूद नारायणपुर से जिला मुख्यालय तक रोडवेज बसों का संचालन अब तक शुरू नहीं हुआ है। इससे आमजन, विशेषकर प्रतियोगी परीक्षार्थी और दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार इस रूट पर केवल निजी बसों का संचालन हो रहा है, लेकिन इनमें किराए को लेकर मनमानी की जा रही है और कोई निश्चित समय सारिणी भी नहीं है।

ग्रामीण राजेंद्र पारीक ने बताया कि नारायणपुर तहसील का जिला मुख्यालय कोटपुतली-बहरोड़ होने के बावजूद प्रतियोगी परीक्षाओं के सेंटर आमतौर पर वहीं होते हैं, लेकिन इस रूट पर रोडवेज बसें नहीं चलने से विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नारायणपुर से कोटपुतली-बहरोड़ के लिए जल्द से जल्द रोडवेज बसों का संचालन शुरू करने की मांग की है, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## सार-समाचार

### चिकित्सकों ने किया कार्य का बहिष्कार



**टोंक।** बाडमेंर में चिकित्सक रामस्वरूप को उपखण्ड अधिकारी द्वारा दी गई धमकी और अपमानित भाषा से नाराज राज्यभर के चिकित्सको ने जगह जगह कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया। इसी प्रकार उप जिला चिकित्सालय निवाई के समस्त कार्यरत चिकित्सकों ने 2 घंटे का कार्य बहिष्कार किया। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉक्टर योगेंद्र विजय ने बताया कि 1 फरवरी को उपखंड अधिकारी सेवड़ा बाड़मेर द्वारा ओपीडी की भीड़ में चिकित्सकीय दायित्व निर्वहन कर पीड़ित मानवता की सेवा में जुटे चिकित्सक रामस्वरूप को धमकाया और अमर्यादित भाषा का उपयोग किया गया तथा लगभग 250 मरीज के इलाज में बाधा उत्पन्न ही नहीं की अपितु कर्तव्य निभाने वाले चिकित्सक रामस्वरूप को पुलिस से पकड़वाने की धमकी दी। जिससे समस्त चिकित्सा समुदाय आहत और आक्रोशित है।

### राशन डीलरों ने सौंपा ज्ञापन

**श्रीमाधोपुर।** उचित मूल्य दुकानदारों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, खाद्य मंत्री, यूडीएच मंत्री और प्रमुख शासन सचिव के नाम का उपखंड अधिकारी अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपा। तहसील अध्यक्ष कैलाश चंद अग्रवाल के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें राशन डीलरों के बकाया कमीशन के शीघ्र भुगतान,श्रीमाधोपुर तहसील के राशन डीलरों को छोड़कर सम्पूर्ण सीकर जिले में 1 जनवरी 2025 को अगस्त से अक्टूबर 2024 तक का कमीशन जमा हो गया था। इसके अलावा, जुलाई 2024 से जनवरी 2025 तक 90 रुपये प्रति क्विंटल का कमीशन भी बकाया है। वित्त विभाग ने 2 जनवरी 2025 को जुलाई से सितंबर 2024 तक के कमीशन के भुगतान का आदेश जारी किया था, जिसे 31 जनवरी 2025 तक भुगतान किया जाना था, लेकिन अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। इस दौरान राशन डीलरों ने बताया कि लम्बे समय से उनका कमीशन बकाया चला आ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द भुगतान कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान रतन लाल,विजय कसेरा,शांति प्रसाद,राजेन्द्र शर्मा,श्याम पारीक सहित अन्य राशन डीलर मौजूद रहे।

### 'अनगिनत असाध्य रोगो से छुटकारे का रामबाण है दैनिक जीवन मे योग'

**मालपुरा।** राज्य सरकार व शिक्षा विभाग के निर्देशो पर सुर्य सप्तमी से पूर्व सोमवार को सीनियर सेकेण्डरी स्कुल मालपुरा के खेल मैदान पर केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की धर्मपत्नि राधा देवी चौधरी के साथ पांच सो से अधिक विद्यार्थियो ने किया सामुहिक सुर्य नमस्कार। सामुहिक योग से पूर्व मंचाशील राधा देवी चौधरी ने जीवन मे योग का महत्व बताते हुये कहा कि स्वस्थ्य शरीर व स्वस्थ मस्तिष्क के लिये नियमित योग करने की आवश्यकता है। चौधरी ने कहा कि अनगिनत असाध्य रोगो से छुटकारा पाने का रामबाण है दैनिक जीवन मे योग। इस ऐतिहासिक पल म भारत विकास परिषद,क्रीडा भारती व कई सामाजिक संगठनो के साथ-साथ सरकारी व निजी विद्यालयो के विधार्थियो ने भाग लिया। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ सांगानेर क्षेत्र के विभाग विचार प्रमुख महेन्द्र कुमार विजय मुख्यवक्ता के रूप मे युवा पीढी को विश्वभर मे योग के प्रति बढ रहे विश्वास से अवगत करवाया। इस दौरान एडवोकेट राजकुमार जैन,त्रिलोक चन्द जैन,गोविन्दनारायण विजय,रामजीलाल शर्मा,बाबूलाल यादव,रमाकांत पाठक,मधुसुदन पारीक,राजेन्द्र शर्मा,दीपक गुप्ता,जगदीश गुर्जर सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहै। प्रधानाचार्या अल्का पारीक ने अतिथियो व विधार्थियो के साथ-साथ योग मे शामिल होने वाले शहरवासियो का आभार जताया। एनसीसी केडेटस ने राधा देवी चौधरी सहित अतिथियो को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। तो विवेकानन्द मॉडल स्कुल के विधार्थियो ने बैण्ड वादन किया।

### कार्रवाई की मांग

**पावटा।** उपखंड पावटा क्षेत्र में सोमवार को अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ के आ ान पर उपखंड पावटा क्षेत्र के सभी एस डी एच, सी एच सी एवं पीएचसी पर कार्यरत समस्त डॉक्टरों ने दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया। यह विरोध सेड़वा एसडीएम द्वारा एक डॉक्टर के साथ किए गए अपमानजनक व्यवहार के खिलाफ था।बाड़मेर के सेड़वा सीएचसी में तैनात डॉ. रामस्वरूप मरीजों की नियमित जांच कर रहे थे। इस दौरान एसडीएम ने न केवल भीड़ के बीच डॉक्टर का अपमान किया, बल्कि उन्हें पुलिस से गिरफ्तार करवाने की धमकी भी दी। कार्य बहिष्कार के दौरान उपजिला अस्पताल पावटा सहित अस्पतालों में डॉक्टरों ने इमरजेंसी में मरीजों का इलाज जारी रखा, ताकि आम जनता को परेशानी न हो। विरोध प्रदर्शन में डॉ. देवेंद्र शर्मा, डॉ. एस के वर्मा, डॉ. अशोक जाट, डॉ. खुशबू अग्रवाल, डॉ.रवि बंसल, डॉ. सत्यनारायण स्वामी, डॉ. संतोष स्वामी सहित कई डॉक्टर शामिल हुए। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने अभद्रता करने वाले एसडीएम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि यदि एसडीएम के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार आंदोलन को और तेज करेंगे।

### कुलदीप ने किया जिले का नाम रोशन

**दूनी/टोंक।** दूनी मुख्यालय स्थित पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र कुलदीप प्रजापत ने जिला मुख्यालय टोंक में आयोजित कौशल प्रादर्श प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य भंवर लाल कुम्हार ने बताया कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के तत्वाधान में जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा टोंक द्वारा व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत आयोजित प्रदर्शन में दुनी के छात्र ने प्रथम स्थान प्राप्त कर दूनी का नाम रोशन किया है। विद्यालय व्यावसायिक शिक्षा के कौशल मित्र लादू लाल मीणा ने बताया कि कक्षा 11 के छात्र कुलदीप प्रजापत ने व्यावसायिक शिक्षा के आईटी एंड आईटीज ट्रेड में मिनी कंप्यूटर बनाकर प्रदर्शन करने पर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्र को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुशीला करनानी, परियोजना समन्वयक श्योप्रसाद मीना, सहायक परियोजना सामान्य रामजी लाल मीणा, व्यावसायिक शिक्षा के जिला प्रभारी अनीस अहमद के हाथों समारोह में प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

### स्कूलों में हुआ सूर्य नमस्कार

**चाकसू।** सूर्य सप्तमी पर सोमवार को चाकसू ब्लॉक की सरकारी और निजी स्कूलों में एक ही समय पर एक साथ सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिक्षा विभाग की ओर से इस संबंध में जारी की गई गाइडलाइन के अनुरूप ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से सभी स्कूलों में हजारों स्टूडेंट्स को सूर्य नमस्कार के सभी आसनों का अभ्यास कराया गया। कमोबेश ऐसे ही आयोजन चाकसू विधानसभा क्षेत्र की स्कूलों में भी एक ही समय पर हुए। निमोडिया रोड स्थित अपनत्व फ्यूचर जॉन अकैडमी के निदेशक सुरज्ञान सिंह बड़ोदिया ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों में सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम को लेकर गाइड लाइन जारी की गई थी। इसके तहत स्कूलों में स्टूडेंट्स को आयोजन से पहले लगातार सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही स्टूडेंट को योग से होने वाले लाभों की जानकारी भी दी गई यह कार्यक्रम सोमवार को एक ही समय पर एक साथ आयोजित हुआ। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अलावा शिक्षक, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि व पेरेंट्स भी मौजूद रहे।

### सरस्वती वंदना कार्यक्रम का आयोजन

**अलवर।** राजस्थान पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहाला में बसंत पंचमी के उपलक्ष में मां सरस्वती वंदना के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि योगेश मिश्रा ( जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अलवर ) एवं विद्यालय की संरक्षिका कमलेश मिश्रा डायरेक्टर, मनोज शर्मा ,मनीष शर्मा ,आरके सक्सेना ने कला और ज्ञान की देवी मां सरस्वती के आगे दीप प्रचलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की ,विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मंजू गुप्ता ने आए हुए अतिथिगणों स्वागत एवं आभार प्रकट किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

